# उमरिया में नवजात शिशु का अपहरण, पुलिस ने सुरक्षित बरामद कर मां से मिलाया

## आरोपी महिला गिरफ्तार




**उमरिया, देशबन्धु।** जिले में एक दो महीने के नवजात शिशु के अपहरण का मामला सामने आया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बच्चे को सुरक्षित बरामद कर उसकी मां से मिला दिया। इस मामले में आरोपी महिला रामकली कोल के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है।

फरियादिया ने थाना कोतवाली उमरिया में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके नवजात शिशु को आरोपी महिला रामकली कोल बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गई। महिला आरोपी ने फरियादिया को समझाया कि उसकी तबीयत ठीक नहीं है और वह अपने बच्चे की देखभाल सही से नहीं कर पाएगी, इसलिए वह स्वयं बच्चे की देखभाल करेगी। जब फरियादिया ने बार-बार बच्चे को वापस मांगा, तो आरोपी महिला ने उसे लौटाने से इनकार कर दिया और बच्चे को उमरिया से कहीं बाहर ले गई। शिकायत के आधार पर थाना कोतवाली में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

### पुलिस की त्वरित कार्रवाई

मामला एक नवजात शिशु से जुड़ा हुआ था, इसलिए पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमरिया के निर्देश पर थाना प्रभारी कोतवाली को तत्काल कार्रवाई करने के आदेश दिए गए। पुलिस टीम का गठन कर आरोपी महिला और बच्चे की तलाश शुरू की गई। पुलिस ने आरोपी के ठिकानों की जांच की। पता चला कि महिला आरोपी नरसिंहपुर जिले में मौजूद हो सकती है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने संभावित स्थानों पर छापेमारी की, लेकिन पहली बार में आरोपी महिला पकड़ में नहीं आई। पुलिस ने लगातार प्रयास जारी रखे और आखिरकार आरोपी को दबोचते हुए नवजात शिशु को सकुशल बरामद कर लिया। बच्चे की मां से मिलन और आरोपी पर कानूनी कार्रवाई बच्चे की बरामदगी के बाद पुलिस ने उसका मेडिकल परीक्षण कराया, जिसमें वह पूरी तरह स्वस्थ पाया गया।

इसके बाद पुलिस ने बच्चे को उसकी मां को सौंप दिया, जिससे मां की ममता को फिर से सुकून मिला। महिला आरोपी रामकली कोल के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे माननीय न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से न केवल एक मां को उसका बच्चा वापस मिला, बल्कि अपराधियों के खिलाफ सख्त संदेश भी दिया गया कि ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# साखी गांव में गरजा प्रशासन का बुलडोजर, तीन एकड़ शासकीय भूमि को कराया मुक्त

**शहडोल, देशबन्धु।** जैतपुर के साखी गांव में शासकीय विद्यालय की भूमि पर किए गए अवैध निर्माण के खिलाफ प्रशासन ने ठोस कदम उठाया है। तहसीलदार अर्चना मिश्रा और नायब तहसीलदार शिवकुमार सिंह के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में तीन एकड़ से अधिक शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया।



जानकारी के अनुसार कुछ लोगों ने विद्यालय की शासकीय भूमि पर कच्चे मकान और बड़ी बाउंड्री का निर्माण कर लिया था। इस अतिक्रमण की जानकारी सबसे पहले विद्यालय के प्रचार और स्थानीय निवासियों ने तहसील कार्यालय में दी थी। शिकायत के आधार पर प्रशासन ने इस मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल कार्रवाई की योजना बनाई। इस संदर्भ में तहसीलदार अर्चना मिश्रा ने कहा कि हमने स्थानीय लोगों की शिकायत पर तेजी से कार्रवाई की।

यह भूमि शासकीय और इसका संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है। हम किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण को बर्दाश्त नहीं करेंगे। नायब तहसीलदार शिवकुमार सिंह ने भी कहा कि यह कार्रवाई उन लोगों के लिए चेतावनी है जो सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रशासन की इस कार्रवाई के दौरान पुलिस बल भी मौके पर मौजूद था। जेसीबी की मदद से अतिक्रमण को हटाने का कार्य पूरा किया गया, जिससे शासकीय भूमि को फिर से उपलब्ध कराया जा सका।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन की कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि हमारे गांव की भूमि पर अवैध कब्जा करना गलत था और अब जब प्रशासन ने कार्रवाई की है तो हम सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। यह हमारी और आने वाली पीढ़ियों की शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। हालांकि कुछ स्थानीय लोग इस कार्रवाई को लेकर असंतोष जता रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन ने पहले से स्थानीय निवासियों से बातचीत की होती तो शायद स्थिति को संभाला जा सकता था। तहसीलदार अर्चना मिश्रा ने कहा कि हम आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई जारी रखेंगे।

## सार-समाचार

### खटखारिया तालाब में निर्माण कार्य शुरू कराए जाने की मांग

**ब्यौहारी, देशबन्धु।** नगर परिषद के अंतर्गत एकमात्र तालाब जो पिछले दो सालों से सूखा पड़ा है तालाब के सौंदर्य करण के लिए तालाब को खाली कराया गया था पिछले साल अक्टूबर माह में सीधी संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा द्वारा सौंदरीकरण के लिए भूमि पूजन भी कराया गया अक्टूबर 2024 से 5 माह बीत जाने के बाद भी अभी तक सौंदर्य कर नहीं कराया जा रहा है नगर वासियों का कहना है कि नगर परिषद को इसमें शीघ्र सौंदरीकरण कराया जाना चाहिए उन्होंने कलेक्टर से शीघ्र तालाब का सौंदर्यीकरण कराए जाने की मांग की है।

### आखिर कब बनेगी भाजपा की जिला कार्यकारिणी, दावेदार परेशान

**ब्यौहारी, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष का ऐलान हुए महीना बीत गए लेकिन अभी तक नव नियुक्त जिला अध्यक्ष अपनी कार्यकारिणी नहीं घोषित की जिसके कारण से जिला कार्यकारिणी में आने वाले दावेदारों को और प्रतीक्षा करना पड़ रहा है और कितना प्रतीक्षा करना पड़ेगा यह तो संगठन के लोग ही बता सकते हैं लेकिन जिला अध्यक्ष और मंडल अध्यक्षों की घोषणा हुई लगभग महीना बीत गए जिला कार्यकारिणी एवं मंडल कार्यकारिणी घोषित नहीं होने से कार्यकर्ताओं में असंतोष पैदा हो रहा है ऐसे कार्यकर्ता जो मंडल अध्यक्ष नहीं बन पाए वह जिला कार्यकारिणी में अपनी आस लगाए हुए हैं जिला कार्यकारिणी घोषित हो जाए तो मंडल प्रभारी मिल जाए और संगठन का काम चलने लगे इसी तरह से शहडोल जिले के ब्यौहारी- मंडल अध्यक्ष की घोषणा भी नहीं हुई जिससे लोग यह मानने लगे हैं कि व्यवहारी में भी मंडल अध्यक्ष रिपीट होंगे लेकिन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार व्यवहारी में भी नया मंडल अध्यक्ष घोषित किया जाएगा जिला कार्यकारिणी की तरह मंडल कार्यकारिणी भी नहीं बन पा रही जो कहीं ना कहीं पार्टी कार्यकर्ताओं में असंतोष भी पैदा हो रहा है क्योंकि जब कार्यकारिणी ही नहीं है तो संगठन का काम कौन करें कार्यकारिणी में स्थान मिल जाने से कार्यकर्ताओं को भी मनोबल मिलता है अब देखना या है कि जिला अध्यक्ष कब तक में अपनी कार्यकारिणी घोषित कर पाती हैं और बचे हुए मंडल की घोषणा कब होगी जो पार्टी अपने आप को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी मानती है वह पार्टी अपनी जिला कार्यकारिणी भी घोषित नहीं कर पा रही है या फिर उसमें भी कांग्रेस कलर हावी हो रहा है की अध्यक्ष बने रह जाएंगे कार्यकारिणी घोषित नहीं हो पाएंगी या फिर उनको अभी और समय लगेगा।

### जेसीबी चला कर हटाया अतिक्रमण

**शहडोल, देशबन्धु।** तहसीलदार, तहसील जैतपुर ने जानकारी दी है कि तहसील जैतपुर अंतर्गत ग्राम साखी की म0प्र0 शासन की सड़क किनारे भूमि आराजी खसरा क्रमांक- 1563/1 के अंश रकवा में अनावेदक, रामसजीवन पटेल निवासी ग्राम साखी, दारा सिंह निवासी ग्राम साखी, मूलचन्द निवासी ग्राम साखी, भोला प्रसाद पटेल निवासी ग्राम साखी, सुरेश निवासी ग्राम साखी, संतोष पटेल ग्राम साखी, दिनेश राव निवासी ग्राम साखी, चंदनधारी निवासी ग्राम साखी द्वारा अनावेदक अवैध रूप से कब्जा किया गया है। जिनका 26 मार्च 2025 को अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही की गई है। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जैतपुर श्रीमती अमृता गर्ग, तहसीलदार जैतपुर सुश्री अर्चना मिश्रा, नायब तहसीलदार जैतपुर शिवकुमार सिंह, थाना प्रभारी जैतपुर एवं राजस्व एवं अन्य पुलिस विभाग के टीम की उपस्थित पर अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही की गई तथा अनावेदकों को समझाइस भी दी गई कि मप्र शासन की भूमि पर अनाधिकृत रूप से कब्जा ना करें।

### महिला को डिलीवरी का पैसा देने के नाम पर एक लाख 11 हजार का साइबर फ्रॉड

**पन्ना।** शातिर सायबर ठग नए-नए तरीकों से भोले-भाले लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। पन्ना में एक महिला को डिलीवरी का पैसा देने का प्रलोभन देकर 1 लाख 11 हजार रुपए का साइबर फ्रॉड किए जाने का मामला सामने आया है।

फरियादिया ज्योति प्रजापति पति प्रकाश प्रजापति निवासी रानीगंज मोहल्ला पन्ना ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती आवेदन सौंप कर बताया है कि 20 मार्च 2025 को शाम 5 बजे अज्ञात महिला ने फोन किया और अपना नाम पूजा गुप्ता बताते हुए मेरा नाम व मेरे पति प्रकाश प्रजापति एवं मेरी बच्ची जिया प्रजापति एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता ममता रावत का नाम एवं महिला बाल विकास पन्ना के ऑफिस का नाम बताया एवं बच्ची का जन्म किस दिनांक पर हुआ वह भी बताया जिससे मुझे उस पर यकीन हुआ उसके बाद उन्होनें मुझसे कहा कि डिलीवरी का पैसा 12000 रुपए आपको मिलना है जो मैं आपको फोन पे कर देती हुँ इसके लिए मैंने अपने देवर अरूण प्रजापति का गुगल पे न0 बता दिया जिसमें पैसे आने के बजाय अरूण के खाते से 2 बार में 17 हजार 87 रुपए कट गये, उसके बाद उन्होने बोला की इस नं में पैसे नहीं जा रहे है।

# अरहर की खरीदी के लिए 20 तक होगा पंजीयन, 35 बनाये केन्द्र



**शहडोल, देशबन्धु।** अरहर की फसल उगाने वाले किसानों के लिए एक अच्छी खबर यह है कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा इस बार अरहर की फसल की भी खरीदी की जाएगी। इसके लिए पंजीयन का कार्य प्रारंभ हो गया है जो 20 अप्रैल तक रहेगा। जिले में 35 पंजीयन केंद्र बनाए गए हैं।


किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उपसंचालक आर पी झारिया ने बताया कि मप्र. शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुक्रम में रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर अरहर उपार्जन हेतु कृषकों के पंजीयन 25 मार्च से प्रारंभ हो गए हैं और यह पंजीयन 20 अप्रैल तक किए जाएंगे।

यहां बनाए गए हैं केंद्र

उपसंचालक श्री झारिया ने बताया कि जिले में अरहर के उपार्जन के लिए जो 35 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किए गए हैं, उनमें सेवा सहकारी समिति मर्या सोहागपुर, सेवा सहकारी समिति मर्या मझगवां, सेवा सहकारी समिति मर्या सामतपुर, सेवा सहकारी समिति मर्या धनपुरी, सहकारी समिति मर्या जमुई, सहकारी समिति मर्या छतवई, सेवा सहकारी समिति मर्या बुढ़ार, सेवा सहकारी समिति मर्या केशवाही, सेवा सहकारी समिति मर्या झीकबिजुरी, सेवा सहकारी समिति मर्या जैतपुर, सेवा सहकारी समिति मर्या मोहतरा, सेवा सहकारी समिति मर्या पलसउ, सेवा सहकारी समिति मर्या देवरी, सेवा सहकारी समिति मर्या जयसिंहनगर, सेवा सहकारी समिति मर्या अमझोर, सेवा सहकारी समिति मर्या बनसुकली, सेवा सहकारी समिति मर्या सीधी, सेवा सहकारी समिति मर्या ठेगरहा, सेवा सहकारी समिति मर्या ब्यौहारी, सेवा सहकारी समिति मर्या टिहकी, सेवा सहकारी समिति मर्या पपरेडी, सेवा सहकारी समिति मर्या भन्नी, सेवा सहकारी समिति मर्या खैरा, सेवा सहकारी समिति मर्या पपौढ़ (तिखवा), सेवा सहकारी समिति मर्या पपौढ़ (तिखवा), सेवा सहकारी समिति मर्या चचाई, सेवा सहकारी समिति मर्या सुखाइ, सेवा सहकारी समिति मर्या जनकपुर, सेवा सहकारी समिति मर्या रसमोहनी, सेवा सहकारी समिति मर्या गिरवा, सेवा सहकारी समिति मर्या खन्नोधी, सेवा सहकारी समिति मर्या चुहिरी, सेवा सहकारी समिति मर्या बोचकी और सहकारी समिति देवगांव (खडडा) हैं।

उपसंचालक श्री झारिया ने बताया कि किसानों के लिए पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था भी है। इसके लिए किसान ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र, जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र या सहकारी समितियों द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर जाकर एमपी. किसान एप से पंजीयन करा सकते हैं। उन्होंने यह बताया कि किसान एम. पी. ऑनलाईन कियोस्क पर, कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क पर, लोक सेवा केन्द्र पर या निजि व्यक्तियों द्वारा संचलित साईबर कैफे पर 50 रुपए शुल्क जमा करके भी पंजीयन करा सकते हैं।

# प्रभारी मंत्री आज शहडोल प्रवास पर



**शहडोल, देशबन्धु।** उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल 28 मार्च को शहडोल जिले के प्रवास पर रहेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल कार द्वारा 28 मार्च को दोपहर 11 बजे रीवा से शहडोल के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 2 बजे शहडोल आगमन एवं कार्यकर्ताओ से भेंट करेंगे। उप मुख्यमंत्री 3 बजे शहडोल से धनपुरी के लिए प्रस्थान करेंगे, 3:25 बजे धनपुरी पहुंचकर नगर पालिका द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों का अवलोकन करेंगे। उप मुख्यमंत्री 4 बजे धनपुरी से शहडोल के लिए प्रस्थान करेंगे तथा 4:30 बजे शहडोल पहुंचकर वार्ड नं. 27 शहडोल के शुभम पैलेस में श्रीराम कथा में सम्मिलित होगें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल सांय 5:30 बजे से कलेक्टर कार्यालय में जिला योजना समिति की बैठक लेंगे।

सांय 6:30 बजे चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल में कार्य परिषद की बैठक एवं सांय 7:30 बजे जिले की स्वास्थ्य विभाग की संभागीय बैठक लेंगे एवं रात्रि 8:30 बजे सर्किट हाउस आगमन एवं समय आरक्षित रहेगा। उप मुख्यमंत्री 29 मार्च को प्रातः 6 बजे शहडोल से रीवा के लिए प्रस्थान करेंगे।

## दुष्कर्म मामले का पांच हजार का इनामी हरियाणा से गिरफ्तार

**पन्ना,देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा विभिन्न मामलो मे फरार चल रहे आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में सिमरिया थना क्षेत्र के गुमइंसान जिसमे गुमशुदा को 22 जनवरी 2025 को दस्तयाब किया गया था जिसके द्वारा बताया गया कि 9 माह पहले मेरी दोस्ती इस्ट्रागाम के माध्यम से तीरथ अहिरवार निवासी बांसा जिला दमोह से हुई थी। तभी से हम लोगो के बीच मे प्रेम प्रसंग चलने लगा जो तीरथ द्वारा मुझे अपने साथ शादी का झांसा देकर राजस्थान ले गया था जहां मेरे साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाये। कुछ दिनो बाद मुझे तीरथ के शादी शुदा होने की बात पता चली। जिसके बाद तीरथ द्वारा मुझे राजस्थान से दमोह लाकर छोड दिया गया।

# पन्ना जिले के सरपंचों का भाजपा से मोहभंग, सामूहिक रुप से सौंपा इस्तीफा

**पन्ना, देशबन्धु।** सरपंच संघ ने शासन प्रशासन पर उपेक्षा के आरोप लगाते हुए सामूहिक रुप से पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। सरपंचों ने बताया कि ग्राम पंचायतो के निर्माण कार्यों में जनता के चुने हुए प्रतिनिधि पर अविश्वास करना एवं ग्राम पंचायत को लगातार मनरेगा जैसी योजनाओ में खत्म करने का प्रयास करना ग्राम पंचायतो का विकास अवरुद्ध करने की मंशा दर्शाता है।

मनरेगा में मजदूरी भुगतान हेतु पूर्व मे नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम अंतर्गत श्रमिकों की फोटो अपलोड करवाई गयी उसके बाद श्रमिकों का हेड काउंट करवाया गया अब आई ब्लिंक के आधार पर मजदूरी भुगतान होना है जो की ग्रामीण श्रमिकों को लगातार परेशान और पलायन करने का प्रयास वर्तमान सरकार द्वारा किया जा रहा है।

ग्रामीण क्षेत्रो मे सप्ताहिक मजदूर को मजदूरी चाहिए लेकिन विभिन्न मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से सरकार की मंशा है कि मजदूर गाँवों को बजाय शहरों की ओर पलायन करे।

ग्रामीण क्षेत्रो में मोबाइल नेटवर्क की समस्या होने के कारण भी यह समस्या लगतार बनी हुई है। पूर्व मे भी राष्ट्रीय सरपंच संघ के मध्याम् से यह बात हमने प्रदेश स्तर पर रखी थी किन्तु सरकार द्वारा कोई सुनवाइ नहीं की गयी है।

आगे बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में शत प्रतिशत आधार आज भी नहीं बने हैं ऐसे में समग्र केवाईसी करने में भी समस्या आ रही है। सरकार को लोगों के आधार बनाने के लिय ग्राम पंचायत स्तर पर व्यवस्था करनी चाहिए जिससे की समस्त ग्राम वासियो का सर्वे कर उनके आधार बनाये जा सके। उसके उपरांत उनका केवाईसी किया जा सके। पीएम आवास की राशि शहरों के समतुल्य करने के विषय में भी सुनवाई नहीं हो रही है।

# सीता खोज व रामेश्वरम् स्थापना प्रसंग का कराया रसपान





## शहडोल में चल रही श्रीराम कथा सुनने उमड़े श्रोता

**शहडोल, देशबन्धु।** मनोज टीवीएस परिवार के द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीराम श्रीराम कथा में व्यास पीठ बद्री प्रपन्नाचार्य महाराज द्वारा अष्टम् दिवस गुरुवार 27 मार्च को सीता खोज, रामेश्वरम् स्थापना के प्रसंग का रसपान रोचक पूर्ण कराया गया। व्यास बद्री प्रपन्नाचार्य महाराज द्वारा सुंदर और सुमधुर सचित्र झांकी के साथ कथा का रसपान कराने से श्रोता मंत्र मुग्ध होकर नृत्य भी किए।

कथा व्यास जी ने प्रभु श्रीराम के महिमा को बड़े विस्तार से संगीतमय सुनाया। श्रीराम कथा जैसे जैसे प्रभु श्रीराम के राजतिलक की ओर अग्रसर हो रहा है श्रीराम चरित मानस प्रेमियों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। आज की कथा सुनने पूर्व विधायक प्रमिला सिंह, बाल कल्याण आयोग की मेघा पवार, वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष अनिल गुप्ता सहित कई विशिष्ट जन पहुंचकर व्यासपीठ पर विराजमान आचार्य बद्री प्रपन्नाचार्य महाराज से आशीर्वाद प्राप्त कर श्रीराम कथा का आनंद उठाया। श्रीराम कथा के व्यास आचार्य बद्री प्रपन्नाचार्य महाराज ने अष्टम् दिवस की श्रीराम कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि श्रीराम जी जब सीता माता की खोज में लंका के किनारे पहुँचे तो वहाँ रास्ते में विशाल समुद्र उनका मार्ग रोक लेता है, रामजी समुद्र देव से रास्ता माँगने के लिए उनका पूजन करते हैं और जब समुद्र देव रास्ता नहीं देते तो श्री राम क्रोधित होकर अपना धनुष तक उठा लेते हैं। कथा वाचक आचार्य बद्री प्रपन्नाचार्य ने बताया कि रामेश्वरम भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है, यह मंदिर देश के चार धामों में से एक है। उन्होंने कहा कि रामेश्वरम में दर्शन करने से शिवजी और श्रीराम की दोनो की कृपा प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि सीता माता के खोज के दौरान भगवान श्रीराम ने रामेश्वरम में यह प्रसिद्ध शिवलिंग स्थापित किया था।

व्यास पीठ आचार्य बद्री प्रपन्नाचार्य महाराज ने आज के प्रसंग में बताया कि रावण द्वारा जानकी का हरण करने के पश्चात विभीषण राम की शरण में चला जाता है। सीता की खोज करते हुए बाली-पुत्र अंगद रावण के दरबार में पहुंचकर अपनी शक्ति का परिचय देते हुए दरबार में अपना पैर जमा लेता है। जब कोई भी शूरवीर अंगद के पैर को नहीं हिला सका तो रावण स्वयं अंगद का पैर हिलाने के लिए उठते हैं। इस पर अंगद रावण को श्रीराम के पैरों में पड़कर माफी मांगने की सलाह देते हैं। मेघनाथ से युद्ध होने पर लक्ष्मण मूर्छित हो जाते हैं आदि के प्रसंग को विस्तार पूर्वक सुनाया गया।

श्रीराम कथा में महाराज जी के साथ संगीत मंडली ने सु-मधुर कर्ण प्रिय भजनों की मनमोहक प्रस्तुति ने पूरे परिसर को भक्ति से सराबोर कर दिया। अष्टम दिवस की श्रीराम कथा के प्रारंभ में मुख्यश्रोता बब्बीबाई गुप्ता एवं आयोजक मनोज टीवीएस परिवार के हनुमान प्रसाद, राजेश गुप्ता, मनोज गुप्ता, योगेश गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, शिवांश गुप्ता एवं अक्षत गुप्ता ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच व्यासपीठ का पूजा अर्चना किया।